हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)


BSEH/SEC/2025

'प्रैस नोट'

Circular No.: 15
Dated : 19.11.2025

## राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति योजना (NMMSS) परीक्षा नवम्बर–2025

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति योजना (NMMSS) परीक्षा 2025 का आयोजन दिनांक 30.11.2025 को किया जा रहा है। पात्र परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र (Admit Card) दिनांक 20.11.2025 से बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट **www.bseh.org.in** व **SCERT Gurugram, Haryana** की वैबसाईट **scertharyana.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी अपने **Adhaar No. & Date of Birth** भरकर अपना प्रवेश–पत्र **(Admit Card)** डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थी प्रवेश–पत्र **(Admit Card)** पर दिए गए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर व समझकर उनकी अनुपालना करना सुनिश्चित करेंगे।

नेत्रहीन/अशक्त परीक्षार्थी जो स्वयं अपने हाथ से लिखने में असमर्थ है व लेखक की सुविधा लेना चाहते हैं उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी **(CMO)** द्वारा जारी मैडिकल प्रमाण–पत्र जिसमें उनकी अशक्तता 40 प्रतिशत या इससे अधिक प्रमाणित की गई है, की सत्यापित प्रति जमा करवानी होगी। ऐसे परीक्षार्थियों को लेखक के मूल एव सत्यापित दस्तावेज/प्रलेख जैसे शैक्षणिक योग्यता, जन्म–तिथि, दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो (एक सत्यापित), फोटो युक्त पहचान–पत्र/आधार कार्ड इत्यादि एवं स्थाई व अस्थाई पता सहित स्कूल के प्राचार्य/प्रतिनिधि से सत्यापित करवाने उपरान्त परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा से दो दिन पूर्व पहुंचकर केन्द्र अधीक्षक से लेखक की स्वीकृति लेना सुनिश्चित करेंगें।

सचिव